संक्षिप्त

कार्यशाला में जागरूक किया

निवाई । राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन की अध्यक्षता में महिला अधिकारिता विभाग टोंक की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग टोंक की सुपरवाइजर मीरा चौधरी ने महिलाओं व लड़कियों के लिए महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित लाडो प्रोत्साहन योजना, सामूहिक विवाह अनुदान योजना व सखी वन स्टॉप, शिक्षा सेतु व नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के बारे में विभिन्न जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ. जैन ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इन योजनाओं से अधिकाधिक लाभ लेवें व अपने आस-पास भी सभी को जागरूक करें। कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रीति जैन ने बताया कि शिक्षा ही हमें हमारे अधिकार दिलाती है। महिला नीति की संयोजक डॉ. उषा बागड़ी ने बताया कि सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा की वजह से बेटी को बोझ माना जाता है। इन बुराइयों का खात्मा बालिका शिक्षा से हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिला विभाग टोंक के आशा शास्त्री, अरूणा शर्मा, मंजु चौधरी व भावना सक्सेना ने भी विचार व्यक्त किए।

वाटरशेड महोत्सव का आयोजन

पावटा। ग्राम पंचायत आंतेला में परिक्षेत्र स्थित राजकीय महात्मा गांधी स्कूल में जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा वाटरशेड महोत्सव मनाया गया। इसके तहत रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दोनों प्रतियोगिताओं की प्रथम विजेता छात्राएं रही जिन्हें उत्साहवर्धन के लिए पारितोषिक दिया गया। इस मौके पर प्रशासक जयराम नागर ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य परियोजना क्षेत्रों में जलग्रहण विकास और स्थिरता में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है । इस मौके पर प्रशासक जयराम नागर, अधीक्षण अभियंता हरिमोहन बैरवा, कनिष्ठ अभियंता रीना खन्ना, जल ग्रहण सचिव रिशाल सिंह नागर, वाटर शेड से शिम्भु दयाल गुर्जर, अशोक चौधरी एवं विद्यालय प्रशासन से प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीणा, मोहनलाल चौधरी, रविंद्र सिंह शेखावत, सुलोचना मैडम आदि मौजूद रहे।

व्यावसायिक शिक्षा को लेकर व्याख्यान

निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में सत्र 2025-26 में व्यावसायिक शिक्षा शुरू हो गई है, जिसमें 40 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है। व्यावसायिक शिक्षा में विद्यालय द्वारा बैंकिंग फाइनेंस सर्विसेज एंड इंश्योरेंस विषय को चुना गया है। विद्यालय में एचडीएफसी बैंक प्रबंधक गिरिराज घीया व सहायक प्रबंधक जुगराज गुर्जर द्वारा व्यावसायिक विषय के छात्र छात्राओं को बैंकिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि आज का समय कौशल शिक्षा का है।

सरूण्ड पुलिस थाने में 15 लाख रूपयों की लागत से बनी प्रथम मंजिल का लोकार्पण

पुलिसकर्मियों को बैरिक समेत मिलेगी अन्य सुविधायें, व्यवस्थाओं में सुधार होगा

कोटपूतली । निकटवर्ती सरूण्ड पुलिस थाने के भवन में भामाशाह विजय कुमार यादव, वीएसटी कोरबी कम्पनी की ओर से 15 लाख रूपयों की लागत से प्रथम मंजिल पर करवाये गये निर्माण कार्य का लोकार्पण जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि प्रथम मंजिल पर बैरिक समेत अन्य सुविधाओं का निर्माण किया गया हैं। जिससे थाने की व्यवस्थाओं में सुधार होगा एवं पुलिसकर्मियों को बेहतर माहौल में कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर एसपी बिष्नोई ने कहा कि विकास कार्य केवल सरकारों द्वारा ही सम्भव नहीं हैं, समाज के प्रत्येक तबके को इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिये। विकास कार्य एवं व्यवस्थाओं के निर्माण में भामाषाहों का महत्वपूर्ण योगदान हैं। एसपी ने वीएसटी कोरबी कम्पनी का आभार व्यक्त किया। साथ ही एसएचओ बाबूलाल मीणा की भी उनके प्रयासों के लिये सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से व्यवस्था में सुधार हुआ हैं। इससे पूर्व मांढ़न थाने में कार्यवाही करते हुये उन्होंने भामाषाह के सहयोग से 11 लाख रूपयों की लागत से चार दीवारी का निर्माण भी करवाया था। उल्लेखनीय हैं कि सरूण्ड थाना क्षेत्र में एसपी बिष्नोई के निर्देष पर थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में अपराध पर प्रभावी अंकुष के लिये महत्वपूर्ण कदम उठाते हुये 21 वांछित अपराधियों, 02 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करते हुये कुल 290 में से 217 प्रकरणों का निस्तारण किया गया हैं। साथ ही अवैध हथियार के विरूद्ध 06, आबकारी एक्ट के 26 मामले दर्ज करते हुये गौ तस्करों के विरूद्ध विशेष कार्यवाही की गई हैं। मादक पदार्थो के खिलाफ दो बड़ी कार्यवाहियां करते हुये जिले की सबसे बड़ी कार्यवाही हुई हैं। जिसमें 01 किलो 800 ग्राम अफीम जप्त करते हुये 04 अभियुक्तों को वाहन सहित गिरफ्तार किया गया था। वहीं ड्रिंक एण्ड ड्राईव के मामलों में 30 कार्यवाहियां करते हुये लेन ड्राईव अभियान के तहत 3900 एमवीएक्ट के चालान किये गये एवं अवैध बजरी स्टॉक की 500 टन बजरी को नष्ट किया गया है। एसएचओ मीणा को अब जिला यातायात प्रभारी के रूप में नियुक्ति दी गई हैं।

कोटपूतली निकटवर्ती सरूण्ड पुलिस थाने के भवन में प्रथम मंजिल पर करवाये गये निर्माण कार्य का लोकार्पण जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने किया।

आदिश भैया की भव्य बिन्दोरी निकाली

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से जैन मुनि समत्व सागर महाराज के संघस्थ बाल ब्रह्मचारी आदिश भैया टीकमगढ़ का भव्य बिन्दोरी एवं गोद भराई का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैन समाज प्रवक्ता सुनिल भाणजा ने बताया कि मुनि प्रभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में दिगम्बर जैन नसियां मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान के साथ बाल ब्रह्मचारी आदिश भैया टीकमगढ़ का भव्य बिन्दोरी एवं गोद भराई का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के दौरान आशीष वचन में कहा कि दीक्षा केवल जीवन का परिवर्तन नहीं बल्कि आत्मा की दिशा में लिया गया एक पवित्र एवं एक द्रढ़ संकल्प है। जैन संतों के अनुसार यह संस्कार दीक्षा पूर्व की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जो साधक को जीवन में नई दिशा प्रदान करता है। इसी को साकार करते हुए आदिश भैया माह फरवरी में मुनि समत्व सागर महाराज के सानिध्य में दीक्षा ठाहण करेंगे। समारोह के दौरान कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पर जितेन्द्र चंवरिया, नवरत्न टोंग्या, अमित कटारिया, हितेश छाबडा, पवन बोहरा, योगेन्द्र सिंहल, संजय जैन, मोहित चंवरिया, महेन्द्र चंवरिया, दिलीप बगड़ी, आशीष जैन, मनोज पाटनी, हेमन्त चंवरिया व पिंकू सोगानी सहित जिनोदय युवा संघ के कई युवा व श्रद्धालु मौजूद थे।

> ■ आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के आशीर्वाद से बाल ब्रह्मचारी आदिश भैया की भव्य बिन्दोरी निकाली

कॉउसलिंग शिविर

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा के निर्देशन में शाहपुरा न्यायालय परिसर में बुधवार को न्यायालय में लंबित प्रिटिगेशन के प्रकरणों के निस्तारण के लिए स्पेशल प्रि-कॉउसलिंग का आयोजन किया गया। इस प्रि- कॉउसलिंग की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के द्वारा की गई। इस शिविर में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षैत्रिय कार्यालय जयपुर से विजय कुमार वर्मा, शाखा मुख्य प्रबंधक शिखा शर्मा, उप प्रबंधक अशोक कुमार कुमावत, मनोहरपुर बॉच के प्रबंधक नीलेश मीणा एवं श्याम इन्फोर्समेंट एवं रिकवरी एजेंट प्रमोद शर्मा, नवल शर्मा उपस्थित रहे। शाहपुरा न्यायालय में वरिष्ठ पैनल एडवोकेट सीताराम नोसादर, पैनल एडवोकेट गिरधारी लाल यादव भी उपस्थित रहे। तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के लीगल सचिव अमन मीणा, अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा, लीगल कर्मी ममता पलसानिया ने प्रि-कॉउसलिंग में सहभागिता निभाई।

किसानों को 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण

निवाई। वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। जिसको देखकर किसानों में खुशी की लहद दौड गई। केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत करीब 18 हजार करोड रूपये की धनराशि सीधे किसानों के खाते में हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे एवं सीमान्त किसानों के लिए आर्थिक आधार पर प्रदान करने वाली अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। 21वीं किस्त के रूप में मिली यह सहायता किसानों को रबी फसल की तैयारी और आवश्यक कृषि निवेश करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र का उद्देश्य ना केवल योजना की जानकारी देना हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी से भी जोडना है ताकि वह कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। कृषि विज्ञान केन्द्र लगातार किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य पोषक तत्वों का सन्तुलित उपयोग, जल संरक्षण की तकनीकों पर मार्गदर्शन प्रदान करता आ रहा है। प्रसारण के साथ ही साथ केन्द्र में वैज्ञानिको ने रबी फसलों की उत्पादन तकनीकी पर विस्तृत चर्चा की। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने समन्वित खरपतवार नियन्त्रण, समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन एवं समन्वित कीट व रोग नियन्त्रण के साथ उद्यानिक फसलों एवं पशु प्रबन्धन एवं फल सब्जियों का मानव आहार में महत्व की तकनीकी की जानकारी दी गई। आत्मा के उपनिदेशक दिनेशकुमार बैरवा ने कृषि में आत्म निर्भरता के बारे में किसानों को तकनीकी ज्ञान दिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पलेई के प्रशासक भवानीशंकर राजावत व वनस्थली प्रशासक रविकान्त पुरोहित सहित कई जनप्रतिनिधियों ने किसानों के साथ कृषक सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

कोटपुतली में बीएलओ सुरेन्द्र कुमार को सम्मानित

कोटपुतली । जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (-2026) को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी ( ) घर-घर पहुँचकर गणना प्रपत्रों का वितरण, मार्गदर्शन तथा डिजिटाइजेशन का कार्य पूरी तत्परता से कर रहे हैं। पिछले 4 नवंबर से अब तक द्वारा 9,64,430 गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो इस अभियान की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया एवं आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जनसहभागिता पर आधारित अभियान है, जिसकी सफलता में स्थानीय स्तर की योजनाओं तथा उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले के बीएलओ सुरेन्द्र कुमार द्वारा बानसूर विधानसभा के भाग संख्या 84 के के 100 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की और कलेक्ट्रेट में मुलाकात कर प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने के पीछे प्रेरणा पर बात की तो ने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से मतदाता से संपर्क कर परिवार में जानकारी पूर्ण करने के लिए युवा सदस्य की मदद ली जिससे कार्य पूर्ण करने में आसानी रही । जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अभियान की दक्षता बढ़ाने हेतु जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे को प्रतिदिन सम्मानित किए जाने की नवाचारपूर्ण पहल शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए कार्य में गति लानी चाहिए । उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सहारण ने विधानसभावार की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में कुल '9,75,219' मतदाताओं में से 19 नवंबर को सायं 4 बजे तक '9,64,430' मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित कर दिए गए हैं। विधानसभा स्तर पर यदि वितरण की प्रगति देखी जाए तो कोटपुतली में '2,37,161' बहरोड़ विधानसभा में '2,33,258' बानसूर विधानसभा में '2,57,167' एवं विराटनगर विधानसभा में '2,36,844' परिगणना प्रपत्रो का वितरण कार्य पूरा किया गया है। वहीं जिले में 19 नवंबर को सायं 4 बजे तक '3,92,947' मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाईज कर दिए गए हैं।

सार-समाचार

मनोहरपुर में खुला आधुनिक अस्पताल

मनोहरपुर । कस्बे के मंगलम कॉलोनी स्थित सर्किल के पास हॉस्पिटल का हाल ही में शुभारंभ हो चुका था।जानकारी अनुसार इस अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राधेश्याम यादव के परामर्श लेने के बाद बेहतर महसूस कर रहे हैं। अब हड्डियों, जोड़-घुटनों और रीढ़ की हर समस्या का बेहतरीन इलाज मनोहरपुर में ही मिलने लगा हैं। ऐसे में नगर में शुरू हुआ हड्डी एवं जोड़ रोग सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ क्षेत्र के मरीजों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरा है । अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक मशीनें, डिजिटल एक्स-रे, फ्रैक्चर प्रबंधन, स्पोर्ट्स इंजरी के इलाज और घुटना-कूल्हा प्रत्यारोपण की सुविधाएँ अब तक सिर्फ बड़े शहरों में ही मिलती थीं। लेकिन पहली बार यह सभी सेवाएँ मनोहरपुर के लोगों को उनके ही नगर में उपलब्ध होंगी। अस्पताल के प्रमुख विशेषज्ञ डॉक्टर राधेश्याम यादव ने बताया कि मरीजों को अब जयपुर या दिल्ली नहीं जाना पडेगा। हर तरह की हड्डी की समस्या-चोट, फ्रैक्चर, पुराना दर्द, नस दबना, गठिया, स्लिप डिस्क-का इलाज आधुनिक तकनीक से यहीं किया जाएगा। हमारी कोशिश है कि मरीज जल्दी ठीक हो और कम खर्च में बेहतरीन सुविधा मिले। ऐसे में अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, फिजियोथेरेपी, ट्रॉमा केयर, और अनुभवी स्टाफ नियुक्त है। अब से ग्रामीणों को हॉस्पिटल में डॉक्टर मौजूद मिलेंगे।वही ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए विशेष परामर्श शिविर और रियायती पैकेज भी शुरू किए गए है वही स्थानीय लोग राकेश सैनी,फरमान खान,असलम खान,लियाकत अली ने अस्पताल के शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब दूर जाने की परेशानी खत्म हो गई। यही हमारे लिए सबसे भरोसेमंद हड्डी अस्पताल बन गया है।

बाल विवाह अभिशाप पर चर्चा

भरतपुर । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के मासिक एक्शन प्लान माह नवम्वर, 2025 के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के सचिव, के निर्देशानुसार महात्मा गांधी विद्यालय, इकरन, भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डिप्टी, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अधिवक्ता पुनीत गर्ग द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान, घरेलू हिंसा और शोषण, जबरन बालश्रमकानूनी संबंधी, नि:घुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, बाल विवाह अभिशाप एवं उसके दुष्परिणाम, पोक्सो अधिनियम, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, नालसा जागृति स्कीम, नालसा संवाद स्कीम, नालसा डाउन स्कीम,नालसा थीम सॉन्ग, साइबर क्राइम, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। षिविर में विद्यालय के अध्यापक हरदेव सिंह द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

'मन की बात' कार्यशाला

भरतपुर । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर प्रधानमंत्री मोदी के ज्ञान वर्धक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मोती लाल मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने की। विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के संभाग प्रभारी किशन सिंह सिंघल, जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल और रज्जन सिंह रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मोतीलाल मीणा ने कहा कि रेडियो कार्यक्रम मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह संवाद है, जिससे देश का आम नागरिक काफी हद तक लाभान्वित होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का रेडियो कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सम्पूर्ण देश में आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ स्तर पर सुना जाता है। मोदी के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में हो रहे नवाचारों को प्रत्येक कार्यकर्ता एवं प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम ने देश के अनगिनत सकारात्मक प्रयासों को सामने लाकर समाज में नई ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आठाह किया कि मन की बात को बूथ स्तर तक पहुँचाकर इसे जनसंपर्क और जनजागरण का मजबूत माध्यम बनाएं। इस माह यह कार्यक्रम 30 नवम्बर को सुना जायेगा जो गत कार्यक्रमों की अपेक्षा ऐतिहासिक होगा। मन की बात के संभाग प्रभारी किशन सिंह सिंघल ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जन-जन की बात बन चुका है।

कलक्टर ने किया शहर का भ्रमण : सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम

कोटपुतली । जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कोटपूतली नगर परिषद के अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण किया एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए । जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति, मैन मार्केट में गोकुल टॉवर, अमर प्लाजा एवं अठासेन तिराहा एवं मुख्य बाजार में सफाई कार्य का निरीक्षण किया एवं सड़क पर सफाई, रोड लाइट्स एवं सीवरेज प्रणाली के संबंध में जायजा लेते हुए नगर परिषद एक्सईएन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, नियमित रूप से वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ड्रेनेज कार्य के दौरान खोदी गई सड़कों को गुणवत्ता के साथ मोटरेज (मरम्मत) करने को कहा जिससे की आमजन को आवाजाही में परेशानी नहीं हो. उन्होंने शहर की सड़कों की स्थिति और मोटरेज के कार्य पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित फर्म के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने को कहा. उन्होंने शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था करने, सड़कों किनारे अतिक्रमण करने वाले ठेलों और दुकानदारों के चालान काटने एवं जब्ती सहित सख्त कार्यवाही करते हुए रास्तों को सुगम बनाने के निर्देश दिए साथ ही सड़क के बीच बने डिवाइडरों पर लगे पौधों की उचित देखभाल करने, पुराने होर्डिंग्स बैनर हटाने, लाइट्स दुरुस्त करने को कहा । उन्होंने कहा कि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने एवं जलाने वालों का चालान काटे एवं प्रदूषण के मद्देनजर ठोप-3 की पाबंदियां सुनिश्चित कराएं । उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में नालों एवं नालियों के ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए स्थाई व पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें, ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करें, स्वीकृत निर्माण कार्य समयबद्ध गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, कचरा संठाहण के लिए कचरा गाड़ी की नियमित आवाजाही की मॉनिटरिंग करें, आवश्यक स्थानों पर कचरा पात्र रखवाएं एवं नियमित खाली करवाएं ।

उन्होंने कहा कि परिषद अपने सफाई कर्मियों को पाबंद करते हुए सड़क के किनारे पड़े कचरे को नियमित उठवाएं, नालियों में उगे हुए झाड़ को साफ करवाएं जिससे पानी का फ्लो रुके नहीं । उन्होंने शहर के पार्क के उचित रख रखाव, पेड़ों की देखभाल, शौचालयों की सफाई आदि के संबंध में सजगता से कार्य करने व फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट देने को कहा । इस दौरान जिला कलेक्टर ने शहर के लोगों से संवाद कर साफ-सफाई एवं अन्य समस्याओं पर फीडबैक लेकर संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए समस्याओं के तुरंत निस्तारण के निर्देश नगर परिषद को दिए । साथ ही आमजन से भी शहर को साफ रखने में सहयोग करने और कचरा नहीं फैलाने की अपील की ।

कोटपुतली जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा

ऑनलाइन फॉर्म भरने की जानकारी दी

सांभरझील। राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता सूची से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रियाओं पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का हिस्सा था।

इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ऋषि राज कपिल ने स्टूडेंट्स को ऑनलाइन फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने स्टूडेंट्स को मतदान के महत्व और मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित रूप से जुड़वाने की आवश्यकता बताई। कपिल ने युवाओं को अपने और परिजनों के वोटर आईडी विवरण ऑनलाइन अपडेट करने और आवश्यक सुधार करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर गणपत बागड़ी ने स्टूडेंट्स को (स्पेशल समरी रिवीजन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि के घर पहुंचने पर फॉर्म-6 या के साथ वर्तमान फोटो और हस्ताक्षर सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है, ताकि पुनरीक्षण कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके । प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. मो. अनवर कुरैशी, इलेक्ट्रॉल लिट्रेसी क्लब के संयोजक डॉ. महादेव सिंह, सोहन चौधरी सहित बड़ी संख्या में संकाय सदस्य और स्टूडेंट्स उपस्थित थे। अधिकारियों ने जोर दिया कि ऐसे कार्यक्रम युवा वर्ग में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं ।

जांगिड समाज ने सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जांगिड समाज के लोगों ने निवाई में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

निवाई। जांगिड समाज के लोगों ने तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड सिरस एव विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड जैतपुरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी प्रीति मीना को ज्ञापन सौंपकर झोटवाडा विधान सभा की भाग संख्या 175 पर सेवारत अध्यापक व बीएलओ स्व. मुकेशकुमार जांगिड निवासी कालवाड रोड जयपुर के परिवारजनों को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपए देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि सुपर वाइजर और उच्च अधिकारियों के सस्पेंड करने के दबाव में 16 नवंबर को मुकेश जांगिड ने मानसिक रूप से प्रताडित होने के कारण रेल के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

प्रकरण को लेकर समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। मांग में परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग शामिल है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बद्री बिडोली, सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र बासडा, जिला महामंत्री रामबिलास चैनपुरा, पूर्व मंत्री कैलाश चैनपुरा, शशिकांत मोहम्मद गढ, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश मायला कुंड, रमेश मित्रपुरा, पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सिरोही, समिति कोषाध्यक्ष मुकेश किंवाडा, जिला संगठन मंत्री शंकर खंडवा, प्रेमप्रकाश खंडवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवदयाल खंडवा, समिति सचिव मनीष बहकवा व रामजीलाल गिरधारीपुरा सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

योजना में किसान लाभान्वित

भरतपुर (निस)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत बुधवार को कोयम्बटूर, तमिलनाडू में आयोजित पीएम-किसान उत्सव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजना की 21वीं किश्त जारी की गई। जिले सहित पूरे प्रदेश के किसानों ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में देशभर के 9 करोड किसानों के खातों में लगभग 18 हजार करोड रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। राजस्थान के 66 लाख 62 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुये।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दुर्गापुरा, जयपुर में किया गया जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान के उगाए अन्न से देश के 140 करोड़ लोगों को थाली में भोजन मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन में किसान, जवान और महिला सशक्तिकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। अंतिम पायदान तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने हेतु पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी की गई है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि किसानों के प्रति सम्मान और हमारी नीयत का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को सम्मान निधि की राशि में अतिरिक्त 3 हजार रुपये भी दिए जा रहे हैं। पेपर लीक पर सरकार की सख्ती